बिहार लोक सेवा आयोग
15, जवाहर लाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना–800001.

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या 04/2016 के अन्तर्गत शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के अधीन राज्य के सरकारी प्रशिक्षण महाविद्यालयों में कला एवं शिल्प विषय के व्याख्याता के नवसृजित 26 पदों पर खुली प्रतियोगिता परीक्षा हेतु विषय चयन के संबंध में शुद्धि पत्र का प्रकाशन दिनांक 21.05.2016 को विभिन्न समाचार पत्रों में किया गया था तथा सभी आवेदकों को संशोधित नये विहित आवेदन पत्र में विषय चयन के साथ आवेदन जमा करने का निदेश दिया गया था। आवेदनों की समीक्षा क्रम में यह पाया गया है कि कुल 191 उम्मीदवारों द्वारा पुराने आवेदन फार्म में ही आवेदन किया गया है, जिसमें विषय चयन का कॉलम नहीं है। उन 191 उम्मीदवारों की सूची आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध है। उन सभी 191 उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे संशोधित नये विहित आवेदन प्रपत्र के कॉलम 04 में **"विषय"** यथा (1) चाक्षुष कला (2) प्रदर्श कला –गायन एवं वादन (3) प्रदर्श कला–नृत्य एवं नाटक इन तीन विषयों में से कोई एक विषय का चयन करते हुए पुनः निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन इस प्रकार भेजें कि वह दिनांक 24.03.2017 के अपराह्न 5.00 बजे तक आयोग कार्यालय में प्राप्त हो जाय। नये आवेदन फार्म में अपना पुराना अनुक्रमांक भर देंगे। इसके साथ चालान एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्र देने की आवश्यकता नहीं होगी। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आवेदनों को अस्वीकृत कर दिया जायेगा। जो आवेदक संशोधित नये विहित प्रपत्र में **विषय का चयन** करते हुए आवेदन निर्धारित तिथि तक समर्पित नहीं करेंगे, उनकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जायेगी।

10/3/17

अपर सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।